# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (15 February)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-february-15

- जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी को CRPF के काफिले पर हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक हुई। इसमें हमले के बाद सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई और इस बारे में आगे की कार्रवाई पर विचार-विमर्श किया गया। सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पाकिस्तान से **मोस्ट फेवर्ड नेशन (MFN)** का दर्जा वापस ले लिया है। आपको बता दें कि MFN एक आर्थिक दर्जा है जो एक देश किसी दूसरे देश को देता है या दोनों देश एक-दूसरे को देते हैं। कोई देश जिन किन्हीं देशों को यह दर्जा देता है, उस देश को उन सभी के साथ व्यापार की शर्तें एक जैसी रखनी होती हैं। जिन देशों को MFN का दर्जा दिया जाता है, उन्हें व्यापार में अन्य के मुकाबले कम शुल्क, ज्यादा व्यापारिक सहूलियतें और उच्चतम आयात कोटा की सुविधा दी जाती है।
- हाल ही में नई दिल्ली में **भारत-अमेरिका वाणिज्यिक संवाद** बैठक और भारत-अमेरिका CEO फोरम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु ने की। अमेरिका के वाणिज्य सचिव विल्बर रॉस को भी इस सम्मेलन में हिस्सा लेना था, लेकिन खराब मौसम और कुछ तकनीकी समस्याओं की वज़ह से उड़ान रद्द होने के कारण शामिल नहीं हो सके। उन्होंने टेलीकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसमें भाग लिया। दूसरी तरफ टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन और अमेरिकन टावर कॉर्पोरेशन के CEO जेम्स डी. टाइसलेट ने CEO फोरम की सह-अध्यक्षता की। यह फोरम उन महत्त्वपूर्ण मुद्दों को उजागर करने के लिये एक प्रभावी मंच है जो व्यावसायिक संस्थाओं को प्रभावित करते हैं और दोनों अर्थव्यवस्थाओं के पारस्परिक लाभ के लिये निकट सहयोग क्षेत्रों की पहचान करते हैं। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका की सरकारों द्वारा दिसंबर 2014 में इसके पुनर्गठन के बाद इसकी यह तीसरी बैठक थी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सबसे तेज़ चलने वाली ट्रेन **वंदे भारत एक्सप्रेस** को नई दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर वाराणसी के लिये रवाना किया। वंदे भारत एक्सप्रेस को **T18** के नाम से भी जाना जाता है और इसकी टॉप स्पीड 160 किलोमीटर प्रति घंटा है। 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत इस ट्रेन को इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई ने 18 महीने में तैयार किया है। यह देश की पहली इंजन रहित ट्रेन है, जो बिजली से चलेगी और इसमें लोकोमोटिव इंजन नहीं होगा, जैसा कि मेट्रो ट्रेनों में होता है। इसमें **कार्बन फुटप्रिंट** रोकने के लिये रि-जेनरेटिव ब्रेक प्रणाली लगाई गई है जिससे 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक ऊर्जा की बचत होगी।
- 1980 बैच के IRS अधिकारी वर्तमान में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के अध्यक्ष सुशील चंद्रा को **चुनाव आयुक्त** के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को राष्ट्रपति से मंज़ूरी मिल गई है। सुशील चंद्रा के CBDT के अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल को एक वर्ष के लिये बढ़ा दिया गया था जो कि इस वर्ष 31 मई को समाप्त होना था। आपको बता दें कि चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा दो चुनाव आयुक्त होते हैं। वर्तमान में सुनील अरोड़ा मुख्य चुनाव आयुक्त हैं और नवनियुक्त सुशील चंद्रा के अलावा अशोक लवासा चुनाव आयुक्त हैं।

- 11 फरवरी को **इंटरनेशनल डे ऑफ वीमेन एंड गर्ल्स इन साइंस** (International Day of Women and Girls in Science) का आयोजन किया गया। संयुक्त राष्ट्र महिलाओं और लड़कियों के लिये विज्ञान के क्षेत्र में पूर्ण और समान पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 11 फरवरी को यह दिवस आयोजित करता है। इसके लिये 22 दिसंबर, 2015 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव स्वीकार किया था। गौरतलब है कि STEM (Science, Technology, Engineering & Mathematics) विषयों में महिलाओं का वैश्विक अनुपात पुरुषों की तुलना में केवल 22% है,जो काफी कम है। इस वर्ष के इंटरनेशनल डे ऑफ वीमेन एंड गर्ल्स इन साइंस का फोकस Investment in Women and Girls in Science for Inclusive Green Growth पर है।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ब्रह्मांड की उत्पति और विकास का पता लगाने के लिये एक नया मिशन The Spectro-Photometer for the History of the Universe, Epoch of Reionization and Ices Explore-**'SPHEREx'** शुरू करने जा रही है। इसके तहत एक नया स्पेस टेलीस्कोप 2023 तक लॉन्च किया जा सकता है। लगभग 1700 करोड़ रुपए (लॉन्चिंग पर आने वाला खर्च शामिल नहीं) की लागत वाले इस मिशन की अवधि 2 साल होगी। इससे अंतरिक्ष में जाने वाले वैज्ञानिकों को 30 करोड़ आकाशगंगाओं पर डेटा जुटाने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि NASA (National Aeronautics & Space Administration) का गठन 1 अक्तूबर, 1958 को The National Advisory Committee for Aeronautics के स्थान पर किया गया था और इसका मुख्यालय वॉशिंगटन में है।
- 2019 का प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार पुरस्कार **Martin Ennals Award** जिनेवा में एक समारोह में सूडानी शरणार्थी अब्दुलअज़ीज़ मुहम्मद (Abdulaziz Muhamat) को दिया गया है। मानवाधिकार और मानवतावादी कार्यकर्त्ता के रूप में पहचाने जाने वाले अब्दुलअज़ीज़ मुहम्मद ने अपने साथी शरणार्थियों के लिये जो प्रयास किये उसने दुनियाभर का ध्यान आकर्षित किया। सूडान से भागने के बाद उन्होंने बतौर शरणार्थी पापुआ न्यू गिनी के मानुस (Manus) द्वीप पर स्थित शरणार्थी केंद्र में पाँच साल से अधिक समय बिताया।
- पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू के भाषणों का एक संकलन **Selected Speeches: Volume-1** नई दिल्ली में जारी किया। इस पुस्तक में वेंकैया नायडू के 11 अगस्त, 2017 को कार्यभार संभालने के बाद 400 से अधिक कार्यक्रमों में दिये गए चुनिंदा भाषणों को शामिल किया गया है। इस पुस्तक में उनके 92 भाषण हैं और उन्हें 6 विस्तृत वर्गों– 'विधायिका के कामकाज', 'राष्ट्र और राष्ट्रवाद', 'राज्य व्यवस्था और शासन', 'आर्थिक विकास', 'मीडिया' तथा 'भारत और विश्व' में बाँटा गया है।